भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय**)**

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

13 अप्रैल 2024, शनिवार

<u>केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने कन्याकुमारी में एक भव्य रोड शो किया</u>

मोदी जी ने तमिल भाषा, संस्कृति और गौरव को देश और दुनिया में आगे बढ़ाया

****

DMK ने सनातन और राम मंदिर का विरोध कर तमिल लोगों की आस्था को ठेस पहुंचाई

****

AIADMK और DMK ने भ्रष्टाचार करके तमिल नाडु के विकास को ठप किया

****

तमिलनाडु की जनता भी 400 पार का नारा लगा रही है

****

भारत विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा, ये मोदी की गारंटी है

****

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री तथा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज शनिवार को तमिलनाडु के कन्याकुमारी में एक भव्य रोड-शो किया और इस दौरान रोड शो में उमड़े जनसैलाब को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा और एनडीए के सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। देश की जनता ने आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को 400 सीटों के साथ एक बार फिर प्रधानमंत्री बनाने का मन बना लिया है।

श्री शाह ने कहा कि **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने तमिल भाषा, संस्कृति और गौरव को पूरे देश में आगे बढ़ाने के लिए बहुत सारे काम किये हैं।** उन्होंने तमिल भाषा के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए कहा कि **"मुझे तमिल भाषा में बात न कर पाने का दुःख है, परंतु मेरा यह प्रयास रहेगा कि 7-8 वर्षों बाद जब तमिल की जनता से मेरा वार्तालाप हो, तो वह तमिल भाषा में हो।**

एआईडीएमके और डीएमके पर निशाना साधते हुए केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि दोनों पार्टियों ने भ्रष्टाचार करके तमिलनाडु के विकास को बाधित किया है। **डीएमके ने सनातन धर्म और अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर का विरोध करके करोड़ों तमिल वासियों को दुख पहुंचाया है।** भारतीय जनता पार्टी सभी धर्मों का सम्मान करती है और सबको साथ लेकर चलने की सोच रखती है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" के मूलमंत्र को लेकर चल रही

है। श्री नरेन्द्र मोदी सरकार “विकसित भारत” की संकल्पना को पूरा करेगी देश का विकास करेगी। उन्होंने तमिलनाडु की जनता से एआईडीएमके और डीएमके को छोड़कर भारतीय जनता पार्टी और एनडीए को समर्थन देने की अपील की।

श्री शाह ने कहा कि **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश को सुरक्षित और समृद्ध बनाया है**। उन्होंने तमिलनाडु की जनता को विश्वास दिलाते हुए कहा कि **जनता तीसरी बार श्री पोन राधाकृष्णन को वोट देकर आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाएगी, तो भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, ये मोदी की गारंटी है**। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में लोग 400 पार का नारा लगा रहे हैं, लेकिन ये 400 पार का आंकड़ा लोकसभा प्रत्याशी श्री पोन राधाकृष्णन की जीत के साथ सुनिश्चित होगा।

****